दिनांक : 15.01.2026 समय : 02.10pm

प्रधानमंत्री सेना दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सेना दिवस के अवसर पर भारतीय सेना के साहस और समर्पण को नमन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना सबसे कठिन परिस्थितियों में भी देश की सुरक्षा करती है और उनका समर्पण पूरे देश को गर्व और भरोसा देता है। उन्होंने कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए सैनिकों को भी श्रद्धापूर्वक याद किया।

सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकरों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन का उद्देश्य समकालीन संसदीय मुद्दों पर चर्चा और लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त बनाना है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में 42 राष्ट्रमंडल देशों और 4 अर्ध-स्वायत्त संसदों के 61 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

कॉन्फ्रेंस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित मध्यप्रदेश क्षेत्रीय एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस-2026 का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश में एआई के माध्यम से बेहतर शासन और आर्थिक बदलाव के लिए सरकार की कार्ययोजना प्रस्तुत की। “एआई इनेबल्ड गवर्नेंस फॉर एन एम्पावर्ड भारत” विषय पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य एआई आधारित शासन, तकनीक और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शिक्षा जगत और उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाना है।

जैविक खेती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खेती को सस्टेनेबल और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की पहल अब किसानों के खेतों में दिखाई देने लगी है। उमरिया जिले के किसान खेती की जमीन की उर्वरता बनाए रखने और अच्छी पैदावार के लिए जैविक खेती अपना रहे हैं। ग्राम महरोई के किसान कमल सिंह बताते हैं कि स्प्रिंकलर सिंचाई से कम पानी में फसलों की बेहतर सिंचाई हो रही है और फसल की हालत भी अच्छी है।

ज्योतिरादित्य सिंधिया

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कल ग्वालियर पहुंचे थे। ग्वालियर पहुंचने पर उन्होंने स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन द्वारा बनाए जा रहे थीम पार्क में प्रस्तावित शौर्य स्मारक स्थल का निरीक्षण किया। श्री सिंधिया ने मराठा साम्राज्य के महान सेनानायक महाराज महादजी सिंधिया को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौसम

राज्य में सर्द हवाओं के कारण ठंड बढ़ गई है। राजधानी भोपाल सहित पूरे प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का असर बना हुआ है। जनवरी में भी ठंड के पुराने रिकॉर्ड टूटते नजर आ रहे हैं। कई जिलों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। शहडोल और कटनी में तापमान 5 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में ठंड का असर बना रहेगा और 3 से 4 दिन बाद प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है।

समाचार संक्षेप

- आगरमालवा के ग्रामीण आजीविका सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र में आरसेटी द्वारा कल विभिन्न ग्राम पंचायतों के 29 युवाओं को मकान एवं शौचालय निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया।

- नर्मदापुरम के पोस्ट ऑफिस घाट पर 4.0 – जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ राष्ट्रीय अभियान के तहत "एक साथ एक आवाज, समानता के लिए हौसलों की उड़ान" विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस के अवसर पर कल सतना व मैहर जिले के द्वितीय विश्व युद्ध के वेटरन्स के आश्रितों तथा विभिन्न अलंकरणों से सम्मानित बहादुर सैनिको एवं उनके परिजनों को सम्मानित किया गया।

....